मूल्य 1 रु.
वर्षः 12 - अंक : 141, मुंबई, बुधवार, 6 जुलाई, 2022 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर

॥शुभ लाभ॥
MIX MITHAI

मोतीचूर लड्डू
बदाम बर्फी
काजू कतली
मलाई पेड़े
काजू रोल
रसगुल्ले
Order Now 98208 99501
ONLINE SHOP : www.mmmithaiwala.com
MM MITHAIWALA
Malad (W), Tel. : 288 99 501.

# मुंबई में भारी बारिश





## आईएमडी का डराने वाला अलर्ट

## मुंबई समेत महाराष्ट्र में अगले 4 दिन बेहद भारी

**मुंबई।** मुंबई और इसके आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार को भारी बारिश के कारण अनेक स्थानों पर जलजमाव देखने को मिला, जिससे ट्रेन और वाहनों की आवाजाही धीमी हो गई। इस बीच, महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने स्थिति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने राज्य प्रशासन के अधिकारियों को आवश्यक सावधानी बरतने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कोई जान-माल का नुकसान न हो।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

### भारी बारिश के बीच मुंबई और कोंकण में 24 टीमें तैनात

महाराष्ट्र के कई हिस्सों में भारी बारिश के बीच राज्य सरकार बाढ़ प्रभावित तटीय कोंकण में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की 24 टीमों को तैनात कर स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। एनडीआरएफ की दो-दो टीमों को मुंबई, ठाणे और कोल्हापुर में और एक-एक दल पालघर, रायगढ़ और रत्नागिरी में तैनात किया गया है। एसडीआरएफ की एक-एक टीम नांदेड़ और गढ़चिरौली में पहले से ही मैदान में है जहां मंगलवार शाम से भारी बारिश जारी है। इसके अलावा, एनडीआरएफ की 9 टीमों को तैयार रखा गया है, जिनमें मुंबई, पुणे और नागपुर के बेस स्टेशनों में प्रत्येक में 3 और धुले और नागपुर में बेस स्टेशनों पर एसडीआरएफ की 2 टीमों को तैनात किया गया है।



अंधेरी सबवे के पास मॉनसून की बारिश के बीच जलभराव हो गया। इससे लोग पानी के बीच सड़क से गुजरते रहे।

## सीएम शिंदे ने जायजा लिया

मुंबई और इसके आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार को भारी बारिश के कारण अनेक स्थानों पर जलभराव देखने को मिला, जिससे ट्रेन और वाहनों की आवाजाही धीमी हो गई। महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने स्थिति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने राज्य प्रशासन के अधिकारियों को आवश्यक सावधानी बरतने समेत यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कोई जान-माल का नुकसान न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ग्रस्त इलाके से साढ़े तीन हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है।



मौसम विभाग की चेतावनी सच साबित होती हुई नजर आ रही है, सड़क, रेल और हवाई यातायात सभी पर मूसलाधार बारिश का असर हुआ है, मुंबई के अंधेरी, सायन, चेंबूर और कुर्ला जैसे इलाकों में पानी भर गया

## एक दिन में स्पाइसजेट के दो हादसे टले

### कांडला-मुंबई फ्लाइट का हवा में विंडशील्ड टूटा, दुबई जाने वाले विमान की पाकिस्तान में लैंडिंग




**नई दिल्ली।** स्पाइसजेट विमान के साथ मंगलवार को एक के बाद एक दो हादसे होते-होते रह गए। पहला मामला सुबह का है जब दिल्ली से दुबई जा रहे विमान में तकनीकी खराबी की वजह से पाकिस्तान के कराची में लैंडिंग करानी पड़ी। दूसरा मामला कांडला से मुंबई जा रहे विमान का है। यह विमान अभी उड़ा ही था कि हवा में करीब 23 हजार फीट की ऊंचाई पर इसके विंडशील्ड आउटर पेन में दरार आ गई।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## नवाजुद्दीन की पत्नी पर धोखाधड़ी का आरोप

### 'होली काउ' की क्रिएटिव प्रोड्यूसर का दावा- आलिया सिद्दीकी ने उनके 33 लाख रुपए नहीं दिए



**मुंबई।** नवाजुद्दीन सिद्दीकी की पत्नी और प्रोड्यूसर आलिया सिद्दीकी की फिल्म 'होली काउ' की रिलीज डेट हाल ही में एनाउंस हुई है। यह फिल्म 26 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हालांकि इस फिल्म की क्रिएटिव प्रोड्यूसर मंजू गढ़वाल ने आलिया सिद्दीकी पर संगीन आरोप लगाए हैं। (शेष पृष्ठ 3 पर)

### *मामला अभी कोर्ट में हैं: आलिया सिद्दीकी*

*आलिया सिद्दीकी ने कहा, यह मामला पुलिस और कोर्ट में है। लिहाजा इस वक्त मैं इस मसले पर कुछ नहीं कह सकती। जो गलत होगा, कानून उसे सजा देगा।*

## हमारी बात

### शिंदे पर मुहर

**जीत** तो महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को ही दर्ज करा दी थी। भारतीय जनता पार्टी के नेता राहुल नार्वेकर के विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने के साथ ही यह साफ हो गया था कि बाजी अब पूरी तरह से शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे के हाथ से निकल चुकी है। बहुमत के लिए 144 मतों की जरूरत थी, जबकि उन्हें मिले 164 मत। इसी के साथ यह भी साफ हो गया कि एकनाथ शिंदे के लिए सोमवार को बहुमत साबित करना अब एक औपचारिकता भर है। विरोधी खेमे में इसे लेकर जो निराशा पैदा हुई, उसे इसी से समझा जा सकता है कि उनके कुछ विधायक सोमवार को शक्ति परीक्षण के समय विधानसभा में मौजूद ही नहीं थे। रही सही कसर शिवसेना विधायक संतोष बांगड़ ने निकाल दी। रविवार तक वह उद्धव ठाकरे गुट के साथ थे और सोमवार के शक्ति परीक्षण से पहले एकनाथ शिंदे गुट में शामिल हो गए। यह घटना बताती है कि 20 जून को शिवसेना में टूट का जो सिलसिला शुरू हुआ था, वह अभी जारी है। मुमकिन है कि कुछ विधायकों की चिंता अपनी सदस्यता बचाने की भी हो। रविवार को विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद राहुल नार्वेकर ने एकनाथ शिंदे को विधानसभा में शिवसेना विधायक दल का नेता घोषित करने के साथ ही भरत गोगावले को पार्टी के चीफ व्हिप की मान्यता दे दी थी। गोगावाले ने एकनाथ शिंदे सरकार के समर्थन में मतदाने के लिए व्हिप भी जारी कर दिया था और शक्ति परीक्षण के बाद उन्होंने उद्धव ठाकरे गुट के विधायकों के खिलाफ पार्टी व्हिप का उल्लंघन करने के लिए बर्खास्तगी का नोटिस भी जारी कर दिया है। जाहिर है, यह मामला अब अदालत में जाएगा। कुछ ही दिनों पहले विधानसभा के उपाध्यक्ष नरहरि जीरावल ने 16 विधायकों को दलबदल कानून के तहत नोटिस जारी किया था, उनका मामला पहले से सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। अदालत की लड़ाइयां अपनी जगह चलती रहेंगी, पर फिलहाल तो महत्वपूर्ण यही है कि शिंदे ने बगावत को अंजाम तक पहुंचा दिया है। पिछले दो-तीन सप्ताह में महाराष्ट्र में जो राजनीति चली है, उसने सभी के सामने चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। निस्संदेह, सबसे बड़ी चुनौती उद्धव ठाकरे के सामने है। विधानसभा की बाजी हारने के बाद उन्हें अब यह साबित करना होगा कि जमीन पर उनका दल ही असली शिवसेना है। दूसरी तरफ, एकनााथ शिंदे भले विधायकों में सेंध लगाने में कामयाब हो गए, लेकिन जमीन पर भी उनकी पकड़ है, आने वाले कुछ समय में उन्हें यह साबित करना होगा। देवेंद्र फडणवीस को उप-मुख्यमंत्री पद से संतोष करना पड़ा है, जबकि विधायकों की संख्या के मामले में उनकी पार्टी नंबर एक है। आने वाले समय में उनके राजनीतिक कौशल का भी परीक्षण होगा कि वह अपनी पार्टी को महाराष्ट्र की अगुवा ताकत कैसे बनाए रखते हैं, और फिर से सरकार की बागडोर तक कैसे पहुंचते हैं? पहली परीक्षा बहुत ज्यादा दूर नहीं है। कुछ ही महीनों में बृहनमुंबई नगर निगम के चुनाव होने हैं। इन चुनावों के परिणाम से ही यह पता चलेगा कि मुंबई के लोग महाराष्ट्र में हुए सियासी बदलाव के बारे में क्या सोच रहे हैं? मुंबई में निगम पर लंबे समय से शिवसेना का एकछत्र राज रहा है। शायद इसीलिए महाराष्ट्र के सबसे कद्दावर नेता माने जाने वाले शरद पवार छह महीने के भीतर बड़े बदलाव की बात कर रहे हैं। राजनीति में शक्ति परीक्षण विधानसभा के बाहर वैसे भी हरदम चलता रहता है।

# तेल, सोना और सरकार




**केन्द्र** सरकार ने पैट्रोल-डीजल के निर्यात पर टैक्स लगा दिया है। यहां तक कि कच्चे तेल से मिलने वाले लाभ पर भी टैक्स वसूला जाएगा। इसके साथ ही सरकार ने सोने के आयात पर भी शुल्क बढ़ा दिया है। सरकार द्वारा लगाए गए कर और शुल्क से रिलायंस, नयारा, वेदांता समेत सभी तेल निमार्ताओं की कमाई कम हो जाएगी। नयारा पर तो रूसी तेल कम्पनी रोसनफेट का आंशिक स्वामित्व है। सरकार की घोषणा के बाद शेयर बाजार में रिलायंस के शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिली, वहीं मंगलोर रिफाइनरी और पैट्रो कैमिकल्स के शेयरों में भी गिरावट आई। सरकार के फैसले के बाद इंडियन आयल हिन्दुस्तान पैट्रोलियम जैसी कम्पनियों के शेयर चढ़े हैं।

केन्द्र सरकार द्वारा कर लगाने का कदम पहली नजर में उचित प्रतीत हो रहा है। सरकार ने कुछ नए नियम भी बनाए हैं जिसके तहत गैसोलीन का निर्यात करने वाली तेल कम्पनियों को इस वित्त वर्ष में देश के बाहर बेचे गए गैसोलीन की कुल मात्रा के 50 फीसदी के बराबर मात्रा में गैसोलीन देश के भीतर भी बेचना होगा। डीजल के लिए अनिवार्यता कम से कम 30 फीसदी कर दी गई है। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण जहां दुनिया तेल की बढ़ती कीमतों से परेशान है, वहीं भारत की बड़ी तेल कम्पनियों का जैकपॉट लग गया है। भारत की तेल कम्पनियां विश्व बाजार में सर्वोत्तम क्वालिटी का माने जाने वाले रूसी यूराल ईंधन तेल को भारी मात्रा में खरीद रही है और इसे एशिया और अफ्रीका के बाजारों में उच्च अन्तर्राष्ट्रीय कीमतों पर बेच रही है। भारतीय कम्पनियां लगातार मालामाल हो रही हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध काफी लम्बे समय से चल रहा है और युद्ध जल्दी खत्म होने के आसार भी नहीं हैं। भारत कभी रूस से तेल का बड़ा खरीददार नहीं रहा। रूस से भारत में तेल आने में 45 दिन का समय लग जाता है। तेल का यह परिवहन काफी महंगा पड़ता है। जबकि मध्यपूर्व के देशों में तेल खरीदना इसलिए प्राथमिकता रहा है क्योंकि वहां से तेल कुछ दिनों में ही भारत पहुंच जाता है। अब क्योंकि अमेरिका और पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के चलते रूस रियायती दरों पर तेल बेच रहा है। भारतीय कम्पनियों को 30-40 डालर के बीच छूट मिल रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक रिलायंस और नायरा जैसी प्राइवेट कम्पनियों ने पिछले महीने अनुमानित 250,000 बैरल प्रतिदिन तेल रूस से खरीदा है। हुआ यह कि निजी तेल कम्पनियों ने देश में तेल आपूर्ति पर ध्यान देना बंद कर दिया और सारा का सारा जोर मुनाफा कमाने में लगा दिया। निजी कम्पनियों ने स्थानीय स्तर पर तेल की बिक्री लगभग बंद ही कर दी। हुआ यह कि मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और कुछ राज्यों में तेल संकट खड़ा हो गया। लोगों को पैट्रोल पम्पों से तेल नहीं मिल रहा था। इससे पहले केन्द्र सरकार ने बढ़ती महंगाई को देखते हुए पैट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती की थी जिस कारण सरकार को करीब एक लाख करोड़ रुपए का नुक्सान हुआ।

यह एक सच्चाई है कि प्राइवेट सैक्टर वहीं निवेश करता है जहां उसे लाभ होने की उम्मीद होती है। कोरोना काल के बाद अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए सरकार को राजस्व की जरूरत है। ऐसे में मालामाल हो रही कम्पनियों पर कर लगाने से सरकार को सालाना 7 हजार करोड़ से अधिक की कमाई होगी। उम्मीद है कि देश में पैट्रोलियम उत्पादों की सप्लाई सुनिश्चित होगी। सरकार ने सोने के आयात पर लगाम लगाने और चालू खाता घाटे को बढ़ने से रोकने के लिए इस मूल्यवान धातु पर आयात शुल्क बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया है। इससे पहले सोने पर मूल सीमा शुल्क 7.5 फीसदी था, जो अब 12.5 फीसदी होगा। 2.5 फीसदी के कृषि अवसंरचना विकास उपकर के साथ सोने पर प्रभावी सीमा शुल्क 15 फीसदी होगा। भारतीयों को सोना बहुत प्यारा लगता है। भारत में सोने का उत्पादन तो होता नहीं इसलिए सोना आयात किया जाता है। हाल ही के महीनों में सोने के आयात में बढ़ौतरी देखी गई। इस वर्ष मई में ही कुल 107 टन सोना आयात किया गया और जून में भी सोने का आयात बढ़ गया। आयात बढ़ने से भारत का आयात बिल चढ़ जाता है और चालू खाता घाटा पर बोझ बढ़ने लगता है। सरकार की कोशिश है कि सोने का आयात कम करके किसी न किसी तरह घाटे को नियंत्रण में रखा जाए।

डालर के मुकाबले रुपए में लगातार आ रही कमजोरी को रोकने के लिए भी सरकार ने यह कदम उठाया है लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि सोने की कीमत बढ़ने से भी इसकी मांग पर कोई असर नहीं पड़ेगा, बल्कि सोने की तस्करी बढ़ जाएगी। अब सवाल यह है कि क्या भारतीय सोने के प्रति मोह को छोड़ पाएंगे क्योंकि सोने को खरीद कर तिजोरियों में बंद रखना उनकी आदत बन चुका है। भारतीय आज भी यही मानते हैं कि परिवार पर सुख-दुख की घड़ी में सोना ही काम आता है। जब तक लोग सोने के प्रति मोह नहीं छोड़ते तब तक सरकार को आयात घटाने में मदद नहीं मिल सकती। सरकार के उपाय कितने कारगर होंगे इसका पता आने वाले दिनों में चलेगा।

# भारत की निष्पक्ष न्यायपालिका

**भारत** के प्रधान न्यायाधीश श्री एन.वी. रमण ने यह कह कर, देश के उन सभी 'बयान बहादुरों' को भारतीय लोकतान्त्रिक व्यवस्था की संवैधानिक स्थिति का भान कराने का प्रयास किया है कि न्यायप्रणाली केवल संविधान के प्रति ही जवाबदेह है। श्री रमण अमेरिका सान फ्रांसिस्को में अमेरिकी-भारतीय एसोसियेशन द्वारा आयोजित एक समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। श्री रमण का यह कहना कि भारत में कुछ ताकतें न्यायपालिका को 'नीचा' दिखाने की कोशिश कर रही हैं, जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। सर्वप्रथम विचार करने वाली बात यह है कि भारत की आजादी के बाद हमारे संविधान निर्माता पुरखों ने न्यायपालिका को सरकार का 'अंग' क्यों नहीं बनाया? बिना शक भारत का लोकतन्त्र तीन स्तम्भों विधायिका, कार्यपालिका व न्यायपालिका पर टिका हुआ है परन्तु इनमें से न्यायपालिका का रुतबा सरकार से पृथक 'स्वतन्त्र' इसीलिए रखा गया जिससे भारत की राजनैतिक प्रशासनिक प्रणाली केवल और केवल संविधान का पालन करते हुए ही चले। बहुराजनैतिक दलों की प्रशासन व्यवस्था में यह प्रावधान इसलिए जरूरी था क्योंकि केन्द्र से लेकर विभिन्न राज्यों में किसी भी राजनैतिक दल की सरकार सत्ता पर काबिज हो सकती है। इन राजनैतिक दलों की विचारधाराएं अलग-अलग हो सकती हैं, जिससे प्रशासन व्यवस्था के प्रभावित रहने की संभावना भी पैदा हो सकती है। इसी विसंगति को पैदा होने से रोकने के लिए यह व्यवस्था की गई कि किसी भी पार्टी की सरकार केवल संविधान के अनुसार ही शासन चलायेगी। शासन की इन गतिविधियों की समीक्षा करने का अधिकार सर्वोच्च न्यायालय को इस प्रकार दिया गया कि वह तसदीक कर सके कि सरकार का कोई भी फैसला संविधान की कसौटी पर खरा उतरता है अथवा नहीं।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# टोरेंट पावर लिमिटेड कंपनी की लचर व्यवस्था के चलते शरीफा रोड परिसर में 18 घंटे तक बिजली गुल

## टोरेंट पावर लिमिटेड कंपनी की सर्विस को लेकर बीजेपी कौसा अध्यक्ष सोहेल जुल्फिकार ने खड़े किए कई सवाल

**संवाददाता/समद खान**

**मुंब्रा।** विवादों में अक्सर रहने वाली टोरेंट पावर लिमिटेड कंपनी हमेशा अपनी लचर व्यवस्था के चलते अखबारों की सुर्खियों में नजर आती है दरअसल आपको बताते चलें अपने आपको जनता को उच्चतम दर्जा की सुविधा प्रदान करने वाली टोरेंट पावर लिमिटेड कंपनी की बदहाली साफ तौर पर नजर आ रही है अपने आप को हर मामले में सक्षम कहलाने वाली टोरेंट पावर लिमिटेड कंपनी की पोल मॉनसून ने पूरी तरह से खोल के रख दी है और यह साबित कर दिया है टोरेंट पावर लिमिटेड कंपनी सिर्फ कलवा मुंब्रा शील की जनता से पैसे उगाई करने ही आई है सर्विस प्रदान करने के लिए नहीं आई है आपको बताते चलें 1 जुलाई शुक्रवार श्याम मुंब्रा इंग्लिश हाई स्कूल परिसर के इलाके की बत्ती गुल 7:00 बजे हो गई थी और शरीफा रोड परिसर की रजा मस्जिद के करीब केबल ब्लास्ट होने से दस इमारतों की बिजली गुल हो गई कारण केबल धमाका रात 8:00 बजे हुआ वह तो गनीमत रही कि केबल ब्लास्ट के कारण कोई दुर्घटना नहीं हुई इस मामले में बीजेपी पार्टी के कौसा मंडल अध्यक्ष सोहेल जुल्फिकार ने दैनिक मुंबई हलचल के पत्रकार अब्दुल समद खान से बात करते हुए जानकारी दी कि मैं शरीफा रोड परिसर में ही रहता हूं रात 8:00 बजे केबल ब्लास्ट होने के कारण 10 इमारतों की बिजली गुल हो गई मैंने 9:15 मिनट पर टोरेंट




पावर लिमिटेड कंपनी मैं फोन कर इस घटना के बारे में अवगत कराया तकरीबन 10:30 बजे टोरेंट पावर कंपनी के कर्मचारी ने आकर केबल का मुआयना किया और पीटी प्लेयर मैं चेक करने के बाद दुरुस्ती की गई और तकरीबन चार इमारतों की बिजली आपूर्ति की गई वह भी कई बार लगातार टोरेंट पावर कार्यालय में शिकायत करने के बाद कर्मचारी द्वारा की गई लेकिन 6 इमारतों की बिजली केबल जल जाने की वजह से बिजली बाधित रही और हम तमाम लोगों को बिना बिजली के गर्मी में रात गुजारनी पड़ी तकरीबन 18 घंटे के बाद 2 जुलाई शनिवार दोपहर 2:15 मिनट पर बिजली की आपूर्ति की गई उन्होंने बताया मैं लगातार टोरेंट कंपनी के संपर्क में था मुझे जवाब दिया गया कि हमारे पास दो ही टीम है गौरतलब बात यह है मुंब्रा शहर बड़ी आबादी वाला शहर है और मानसून का महीना चल रहा है और आए दिन कहीं ना कहीं केबल ब्लास्ट होना स्वभाविक है और दो टीमें पूरे मुंब्रा शहर को किस



बीजेपी के कौसा मंडल अध्यक्ष सोहेल जुल्फिकार

तरह से सर्विस प्रदान की जाएगी और यही कारण है मुंब्रा शहर वासियों को घंटों गर्मी में तड़पना पड़ता है कोई भी छोटा मोटा भी काम हो तो भी चार घंटे से पहले टोरेंट पावर लिमिटेड कंपनी द्वारा सर्विस नहीं दी जाती आपको चार घंटा गर्मी में बैठना अनिवार्य है जबकि टॉरेंट पावर कंपनी अखबारों के माध्यम से यह जता रही है कि कलवा मुंब्रा शील के ग्राहक बिजली चोरी कर रहे है शुन्य से 30 यूनिट की खपत करने वाले 30 हजार मीटर ग्राहकों की मीटर की जांच की जाएगी टोरेंट पावर कंपनी के मालिक अचंभे में है कि आखिर क्यों कलेक्शन कम आ रहा है यह टोरेंट पावर कंपनी अपने आवक पर तो ध्यान बराबर केंद्रित कर रही है परंतु जनता को सुविधाएं प्रदान क्यों नहीं कर रही क्या टोरेंट पावर लिमिटेड कंपनी कलवा मुंब्रा शील की जनता का खून चूसने आई है बढ़ाकर बिल भेजना, एक भी रुपया बिल में कम नहीं करना, पीडी का वर्षों से बकाया बिल वसूल करना, और ग्राहकों पर एफआईआर दर्ज कराना, क्या यही काम के लिए टोरेंट पावर लिमिटेड कंपनी को कलवा मुंब्रा शील मैं लाया गया है इससे अच्छा तो एमएसईडीसीएल ही थी कम से कम रात भर हम लोगों को कभी भी अंधेरे में और गर्मी में कभी तड़पना नहीं पढ़ा एमएसईडीसीएल कोई न कोई पर्याय करके रात में बिजली आपूर्ति ग्राहकों के लिए कर देती थी लेकिन टॉरेंट पावर लिमिटेड कंपनी ने अपने ग्राहकों को रात में तड़पता हुआ गर्मी में छोड़ दिया उन्होंने कहा 6 जुलाई बुधवार को अपनी पूरी बीजेपी की टीम के साथ टोरेंट पावर लिमिटेड कंपनी में लच्चर व्यवस्था की शिकायत पत्र व्यवहार द्वारा किया जाएगा पत्र में हमारी टॉरेंट पावर लिमिटेड कंपनी की सर्विस को लेकर कई मांगे हैं और अगर हमारी मांगे पूरी नहीं की गई उसके बाद बीजेपी पूरी जनता के साथ सड़कों पर उतर कर टोरेंट पावर लिमिटेड कंपनी के विरुद्ध में जन आंदोलन करेगी।

# ठाकरे ने नयी सरकार से आरे में मेट्रो कार शेड नहीं बनाने की अपील की

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को राज्य की नयी सरकार से अपील की कि वह मुंबई के हरे-भरे आरे कॉलोनी इलाके में मेट्रो कार शेड बनाने की अपनी योजना को आगे नहीं बढ़ाए। सत्ता में आने के बाद अपने पहले फैसलों में से एक में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार ने विवादास्पद आरे कॉलोनी कार शेड परियोजना पर आगे बढ़ने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के दो दिन बाद शिवसेना मुख्यालय में ठाकरे ने संवाददाताओं से कहा कि जैसा कि उनकी सरकार ने प्रस्ताव दिया था कि कार शेड स्थल को आरे कॉलोनी से कांजुरमार्ग में स्थानांतरित किया जा सकता है। ठाकरे ने कहा, मैं बहुत निराश हूं। अगर आप मुझ पर नाराज हैं, तो इसे जाहिर करो, लेकिन मुंबई के दिल में छुरा मत मारो। मैं बहुत परेशान



हूं कि आरे संबंधी फैसले को उलट दिया गया है। यह निजी संपत्ति नहीं है। वर्ष 2019 में सत्ता में आने के बाद ठाकरे ने पूर्ववर्ती देवेंद्र फडणवीस नीत सरकार के संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान से सटे वन क्षेत्र आरे कॉलोनी में कार शेड बनाने के फैसले को रद्द करने का फैसला किया। पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने आरे में कार शेड के लिए पेड़ काटने का पुरजोर विरोध किया था। ठाकरे नीत सरकार ने आरे को सुरक्षित वन क्षेत्र भी घोषित कर दिया था। शिवसेना प्रमुख ने कहा, मैंने निर्णय पर रोक लगा दी थी। मैंने कांजूर का विकल्प दिया (वैकल्पिक स्थल के रूप में)। मैं पर्यावरणविदों के साथ हूं। ठाकरे नीत सरकार द्वारा कार शेड के लिए निर्धारित कांजूर स्थल विवादित भूमि है क्योंकि केंद्र और राज्य सरकार के अलावा कई निजी कंपनियों ने इस पर दावा किया है। वन्यजीव फोटोग्राफी का शौक रखने वाले ठाकरे ने यह भी कहा कि जब फडणवीस नीत सरकार के समय में कार शेड बनाने के लिए आरे कॉलोनी में पेड़ काटे जा रहे थे, तब इलाके में खुलेआम घूमते हुए तेंदुओं की तस्वीरें सामने आई थीं। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि यह क्षेत्र वन्य जीवन के मामले में बेहद समृद्ध है।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### मुंबई में भारी बारिश

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ग्रस्त इलाके से साढ़े तीन हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है। बरसात से महानगर में सामान्य जनजीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है और तत्काल राहत मिलती नजर नहीं आ रही। नगर निकाय के अधिकारियों ने बताया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले 24 घंटों में मुंबई और इसके उपनगरों में मध्यम से भारी बारिश की भविष्यवाणी की है, अलग-अलग स्थानों पर बहुत भारी बारिश की संभावना जतायी है। उन्होंने कहा कि द्वीप शहर (दक्षिण मुंबई) में सुबह आठ बजे समाप्त 24 घंटों की अवधि में औसतन 95.81 मिमी बारिश हुई, जबकि इसी अवधि के दौरान पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों में क्रमशः 115.09 मिमी और 116.73 मिमी बारिश दर्ज की गई। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के अधिकारियों ने कहा कि सुबह आठ बजे से 11.30 बजे के बीच द्वीप शहर में औसतन 41 मिमी बारिश हुई, जबकि पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों में क्रमशः 85 मिमी और 55 मिमी बारिश दर्ज की गयी। रेलवे सूत्रों ने बताया कि मुंबई की जीवन रेखा मानी जाने वाली उपनगरीय ट्रेन सेवाएं कुर्ला के पास पटरियों पर जलजमाव के कारण मध्य रेलवे (सीआर) के मुख्य और हार्बर कॉरिडोर पर प्रभावित हुईं। मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिवाजी सुतार ने कहा कि मध्य रेलवे मार्ग के सायन, कुर्ला, तिलक नगर और वडाला क्षेत्रों में पटरियां पानी में डूब गईं। यात्रियों ने पड़ोसी नवी मुंबई में हार्बर लाइन पर पनवेल, खंडेश्वर और मानसरोवर स्टेशन में कुछ सबवे में गंभीर जल-जमाव की शिकायत की, जिससे उन्हें टखने तक पानी से गुजरना पड़ा। आईएमडी ने अगले चार दिनों में महाराष्ट्र के लिए भारी बारिश की चेतावनी की है, जिसके बाद मुख्यमंत्री शिंदे ने राज्य प्रशासन के अधिकारियों को सावधानी बरतने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कोई जान-माल का नुकसान न हो।

### एक दिन में स्पाइसजेट के दो हादसे टले

हालांकि, विमान को मुंबई में सुरक्षित उतार लिया गया। पिछले 17 दिनों में स्पाइसजेट के विमान में तकनीकी खराबी की यह सातवीं घटना है। डीजीसीए के मुताबिक स्पाइसजेट के क्यू-400 विमान में 23 हजार फीट ऊंचाई पर विंडशील्ड में दरार आ गई थी। इसके बाद तत्काल कांडला-मुंबई फ्लाइट को मुंबई एयरपोर्ट पर लैंड कराने का निर्णय लिया गया। पिछले 17 दिनों में स्पाइसजेट के विमान में तकनीकी खराबी की यह सातवीं घटना है। डीजीसीए के मुताबिक अधिकारियों ने मंगलवार को हुई दोनों घटनाओं की जांच शुरू कर दी है। इसके अलावा पिछली पांच घटनाओं की जांच भी की जा रही है। मंगलवार सुबह दिल्ली से दुबई जा रहे स्पाइसजेट के विमान की पाकिस्तान के कराची में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। फ्लाइट में मौजूद सभी पैसेंजर सेफ हैं। एयरलाइन ने अपने बयान में कहा-स्पाइसजेट बी737 की फ्लाइट नंबर एसजी-11 दिल्ली से दुबई जा रही थी। इसी दौरान विमान के इंडिकेटर में खराबी का पता लगा। इसके बाद फ्लाइट को कराची डायवर्ट किया गया। हालांकि स्पाइसजेट ने इसे इमरजेंसी लैंडिंग नहीं माना है। वहीं स्पाइस जेट के ही एक और विमान की मुंबई में प्रायोरिटी लैंडिंग हुई है। इसकी विंडशील्ड हवा में क्रेक हो गई थी। स्पाइसजेट के मुताबिक विमान में किसी भी खराबी की पहले से जानकारी नहीं थी। यात्रियों को रिफ्रेशमेंट दिया जा रहा है।

### नवाजुद्दीन की पत्नी पर धोखाधड़ी का आरोप

मंजू का दावा है कि आलिया उनकी पेमेंट की बकाया राशि तकरीबन 33 लाख रुपए पिछले साढ़े तीन सालों से नहीं दे रही हैं। इस मामले में शिकायत भी दर्ज करवाई है। मंजू गढ़वाल ने कहा, उज्जैन और अंबोली पुलिस थाने में फिलहाल कंप्लेन दर्ज है। वहां आलिया को अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया गया है। पुलिस अगर आलिया की दलीलों से संतुष्ट नहीं हुई तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करेगी। उन्होंने आगे कहा, आलिया के खिलाफ मुबई में सिने संगठन फेडरेशन में भी मामला दर्ज है। वहां आलिया को अपना पक्ष रखने के लिए पिछले दो महीनों ने बुलाया जा रहा है। लेकिन आलिया वहां नहीं पहुंच रही हैं। मंजू ने पूरे मामले पर बात करते हुए कहा, साढ़े तीन साल पहले 'होली काउ' के प्रोडक्शन की शुरूआत हुई। जब क्रू सेट पर पहुंचा, तब फिल्म के फाइनेंसर पीछे हट गए। ऐसे में मैंने जी5 और बाकी फाइनेंसरों से बात की कि वो फिल्म को फाइनेंस कर दें। हालांकि वह नहीं हुआ तो आलिया ने मेरे पेरेंट्स से पैसे लिए। यह कहकर कि दो हफ्तों में वापस कर देगी। मेरा कुल पेमेंट 53 लाख का बन रहा था। उसमें आलिया ने महज 22 लाख वापस किए। तकरीबन 33 लाख बकाया अभी भी है, जो मुझे अब तक नहीं मिला।

# संजय राउत की ईडी में पेशी

## ऑफिस के बाहर बोले- मैंने कुछ गलत नहीं किया है, यह सब पॉलिटिक्स, अधिकारियों ने शुरू की पूछताछ

**संवाददाता**

**मुंबई।** शिवसेना नेता संजय राउत शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुंबई ऑफिस पहुंचे। राउत को जमीन घोटाला मामले में पूछतछ के लिए बुलाया गया है। राउत ने ईडी ऑफिस के बाहर कहा- मैं एक निडर व्यक्ति हूं क्योंकि मैंने अपने जीवन में कभी कुछ गलत नहीं किया है। यह सब राजनीतिक है, इसके बारे में हमें बाद में पता चलेगा। फिलहाल मुझे लगता है कि मैं



एक न्यूट्रल एजेंसी में जा रहा हूं और मुझे उन पर पूरा भरोसा है। ईडी ने पात्रा चॉल जमीन घोटाला केस में पूछताछ के लिए राउत को 29 जून को हाजिर होने का नोटिस दिया था। इसके बाद, राउत के वकील ने मुंबई ईडी ऑफिस जाकर पेशी के लिए मोहलत मांगी थी। उन्होंने डॉक्यूमेंट पेश करने के लिए कम समय मिलने का हवाला दिया था। राउत से पात्रा चॉल जमीन घोटाले से जुड़े दस्तावेज भी लाने को कहा गया है।

**राउत ने नोटिस को साजिश बताया था:** इससे पहले उन्होंने सोमवार को ईडी के समन को साजिश करार देते हुए ट्वीट भी किया था, 'अब मैं समझता हूं कि ईडी ने मुझे समन क्यों भेजा है। अच्छा है। महाराष्ट्र में बड़े घटनाक्रम चल रहे हैं। बाला साहेब के हम सभी शिव सैनिक एक बड़ी लड़ाई में शामिल हो गए हैं। यह साजिश चल रही है। मेरी गर्दन कट जाए तो भी मैं गुवाहाटी के रास्ते पर नहीं जाऊंगा। चलो। मुझे गिरफ्तार करो! जय महाराष्ट्र!' 2007 में गुरुआशीष कंस्ट्रक्शन और महाराष्ट्र हाउसिंग एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी के बीच समझौता हुआ था। महाराष्ट्र हाउसिंग एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ने गुरुआशीष को पात्रा चॉल के किरायेदारों के 672 फ्लैट को री-डेवलप करने का काम सौंपा था। बता दें कि गुरुआशीष कंस्ट्रक्शन हाउसिंग डेवलपमेंट एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की सिस्टर कंपनी है। समझौते में यह भी तय हुआ था कि करीब 3 हजार फ्लैट महाराष्ट्र हाउसिंग एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी को सौंपने होंगे। ये फ्लैट अथॉरिटी की 47 एकड़ जमीन पर बनने थे, लेकिन गुरुआशीष कंस्ट्रक्शन ने फ्लैट को री-डेवलप करने और अथॉरिटी को बाकी फ्लैट्स सौंपने की बजाय, इस जमीन को 8 अलग-अलग बिल्डरों को 1 हजार 34 करोड़ रुपए में बेच दिए।

### ईडी ने 5 अप्रैल को राउत की संपत्ति कुर्क की

ईडी ने 1,034 करोड़ रुपए के पात्रा चॉल भूमि घोटाला मामले में महाराष्ट्र के बिजनेसमैन और राउत के करीबी प्रवीण राउत को फरवरी में गिरफ्तार किया था, जिसके बाद इस केस में संजय राउत का नाम भी जुड़ा। 5 अप्रैल को ईडी ने इसी मामले में राउत के अलीबाग वाले प्लॉट के साथ दादर व मुंबई में एक-एक फ्लैट को भी कुर्क कर लिया था।

### संजय राउत की पत्नी पर भी आरोप

जब ईडी ने प्रवीण को पकड़ा तो संजय राउत का नाम सामने आया। प्रवीण शिव सेना सांसद संजय राउत का दोस्त है। प्रवीण की पत्नी ने संजय राउत की पत्नी वर्षा को 83 लाख रुपए का कर्ज भी दिया था, जिसका इस्तेमाल राउत परिवार ने दादर में एक फ्लैट खरीदने के लिए किया था। जब जांच शुरू हुई तो वर्षा ने 55 लाख रुपए प्रवीण की पत्नी को लौटा दिए। इस मामले का एक और आरोपी सुजीत पतकार भी संजय राउत से जुड़ा हुआ है। सुजीत संजय की बेटी की एक फर्म में पार्टनर है। सुजीत की पत्नी और संजय राउत की पत्नी ने एक साथ मिलकर अलीबाग में जमीन खरीदी। ये जमीन भी घोटाले के पैसे से ली गई थी।

## आरे में मेट्रो कारशेड के निर्माण का विरोध मुंबई की जैव विविधता बचाने के लिए : आदित्य ठाकरे



**मुंबई।** मुंबई के हरित क्षेत्र आरे में मेट्रो रेल 'कार शेड' के निर्माण का विरोध करते हुए महाराष्ट्र के पूर्व पर्यावरण मंत्री और युवा सेना (शिवसेना की युवा शाखा) के अध्यक्ष आदित्य ठाकरे ने रविवार को कहा कि इस परियोजना का विरोध महानगर की जैव विविधता को बचाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुंबई के उत्तर-पश्चिम हिस्से में स्थित आरे और संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के आसपास लगातार तेंदुए देखे जाते हैं। उन्होंने कहा, आरे से जुड़ा विरोध केवल 2,700 से अधिक पेड़ों को बचाने के लिए नहीं है बल्कि यह जैव विविधता से जुड़ा विषय भी है और हम मुंबई में इसे बचाना चाहते हैं। ठाकरे ने सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा कि मेट्रो कार शेड के लिए चिह्नित स्थल पर रोजना तेंदुओं और अन्य वन्य जीव-जंतुओं को देखा जाता है तथा पूर्ववर्ती महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार को 800 एकड़ इलाके को वन घोषित करने को लेकर गर्व है। गौरतलब है कि राज्य में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में गठित नयी सरकार ने आरे में मेट्रो-3 लाइन के लिए कार शेड बनाने की दिशा में कदम उठाया है। हालांकि, पर्यावरण कार्यकर्ता और कुछ राजनीतिक दल आरे मेट्रो कारशेड के निर्माण का विरोध कर रहे हैं। पूर्ववर्ती सरकार ने कार शेड आरे के बजाय कांजूरमार्ग में बनाने का फैसला किया था।

## ऐसा लगता है कि महाराष्ट्र के राज्यपाल डेढ़ साल से 'सो रहे थे': कांग्रेस

**मुंबई।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बालासाहेब थोराट ने विधानसभा अध्यक्ष के चुनाव के बाद रविवार को राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे बहुत समय से इसकी मांग कर रहे थे, लेकिन ऐसा लगता है कि 'राज्यपाल डेढ़ साल से सो रहे थे।' भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता राहुल नार्वेकर रविवार को महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष चुने गए। उन्होंने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के उम्मीदवार राजन साल्वी को हराया। कांग्रेस के नाना पटोले के इस्तीफा देने के बाद पिछले साल फरवरी से अध्यक्ष का पद खाली था।

## 'मुझे अपनों ने ही धोखा दिया'



**मुंबई।** महाराष्ट्र में जारी राजनीतिक संकट और सरकार पर छाए अनिश्चितता के बादलों के बीच राज्य के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने बुधवार को कहा कि उन्हें उनके अपनों ने ही धोखा दिया है। ठाकरे ने शाम के वक्त कैबिनेट की एक बैठक की। वहीं दूसरी ओर राज्यपाल द्वारा बृहस्पतिवार को सदन में शक्ति परीक्षण कराए जाने के निर्देश के खिलाफ महाराष्ट्र सरकार की याचिका पर उच्चतम न्यायालय में सुनवाई हुई। एक अधिकारी ने बताया कि ठाकरे ने अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों से कहा कि उन्हें उनके अपनों ने ही धोखा दिया है। उन्होंने ठाकरे को उद्धत करते हुए कहा, मैंने अगर अनजाने में किसी को चोट पहुंचाई हो तो मैं उसके लिए माफी मांगता हूं। अधिकारी ने बताया कि बैठक में ठाकरे के संबोधन के बाद मंत्रियों ने तालियां बजाई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने इस बात के कोई संकेत नहीं दिए कि वह बृहस्पतिवार को संभावित शक्ति परीक्षण से पहले पद छोड़ सकते हैं।

## मुंबई: बहन ने मोबाइल फोन नाले में फेंका, किशोरी ने की आत्महत्या

**संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई के पश्चिमी क्षेत्र मलाड में बृहस्पतिवार को बड़ी बहन द्वारा मोबाइल फोन को नाले में फेंकने के बाद 17 वर्षीय एक लड़की ने कथित तौर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि लड़की मलाड के मालवानी इलाके में अपने निमार्णाधीन घर में लटकी हुई पाई गई। उन्होंने कहा, लड़की का पड़ोस के एक लड़के से




कथित प्रेम संबंध चल रहा था। लड़की के परिवार को इस बात का पता चल गया था। उन्होंने कहा कि लड़की की बड़ी बहन ने उसे डांटा और इस संदेह में कि वह हर दिन लड़के से बात कर रही होगी उसका मोबाइल फोन एक नाले में फेंक दिया। स्थानीय लोगों ने लड़की का शव देखते ही पुलिस के सूचित किया। अधिकारी ने कहा कि उक्त मामले के संबंध में आकस्मिक मृत्यु रिपोर्ट (एडीआर) दर्ज की गई है।

## सीएम ममता के आवास की सुरक्षा और कड़ी, सुरक्षा में तैना पुलिसकर्मी नहीं कर पाएंगे मोबाइल का इस्तेमाल

**कोलकाता।** एक शीर्ष नौकरशाह ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार ने फैसला किया है कि राज्य सचिवालय 'नबन्ना' में तैनात पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान अपने मोबाइल फोन का उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के लिए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के उपायों के तहत यह निर्णय लिया गया हैं क्योंकि बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की मौजूदगी के बावजूद एक अजनबी उनके आवास में घुसने में कामयाब रहा। नौकरशाह ने पीटीआई को बताया कि यह देखा गया है कि ज्यादातर समय ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर व्यस्त रहते हैं जो उनकी नौकरी में बाधा डालते हैं। इसे रोकने के लिए हमने ड्यूटी पर रहते हुए सुरक्षा अधिकारियों द्वारा मोबाइल फोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों को 'नबन्ना' में अपनी ड्यूटी ज्वाइन करने से पहले अपने मोबाइल फोन जमा करने होंगे और उनकी शिफ्ट खत्म होने के बाद उन्हें वापस दे दिया जाएगा। इस निर्णय को अन्य सरकारी कार्यालयों में भी लागू किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह नबन्ना में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने का एक हिस्सा है।

## परभणी (मराठवाड़ा) से प्रताप फड़ की मराठी फिल्म 'अनन्या' के निर्देशन में पहला कदम

**मुंबई।** एवरेस्ट एंटरटेनमेंट, ड्रीमविवर एंटरटेनमेंट और 'अनन्या', रवि जाधव द्वारा निर्मित और प्रताप फड़ द्वारा निर्देशित, २२ जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें अनन्या का जिद्दी सफर दिखाया जाएगा, जो कहती है, यह संभव है, जो कुछ भी आप तय करते हैं वह संभव है'। हाल ही में इस फिल्म का ट्रेलर दर्शकों के सामने आया है और कुछ देर के लिए मन को झकझोर कर रख देने वाला यह ट्रेलर भी मन को पल भर में जीने की नई उम्मीद दे रहा है। फिल्म का लेखन और निर्देशन प्रताप फड़ ने किया है और 'अनन्या' का किरदार हता दुगुर्ले ने निभाया है। अनन्या के निर्माता ध्रुव दास, रवि जाधव और संजय छाबड़िया हैं। ट्रेलर में अनन्या अपने सपनों को पूरा करने के लिए संघर्ष करती नजर आ रही हैं, जिंदगी को भरपूर जी रही हैं। एक दुर्घटना में वह अपने दोनों हाथ खो देती है। लेकिन अनन्या एक बार फिर अपने पैरों पर खड़ी नजर आ रही हैं। यह 'अनन्या' की एक प्रेरक यात्रा है जो दूसरों से अलग है जैसा कि नाम से पता चलता है और कहती है 'यह संभव है, जो कुछ भी आप तय करते हैं वह संभव है! यह एक बहुत ही मूल्यवान फिल्म है। निर्देशक प्रताप फड़ 'अनन्या' बादल कहते हैं, 'पिछले कई सालों से, मैं नाटकों के माध्यम से दर्शकों के लिए 'अनन्या' का परिचय दे रहा हूं। जीवन के साथ संघर्ष सभी को जीने के लिए प्रेरित करता है। ऋता ने 'अनन्या' के चरित्र को पूरी तरह से चित्रित किया है। अनन्या। आज दुनिया भर के दर्शकों के लिए फिल्म को सुलभ बनाने में। अनन्या की भूमिका निभाने वाली ऋता दुगुर्ले ने अपने अनुभव के बारे में बात की। कुछ दिन यह सच है, यह मन को स्पष्ट कर दिया गया था। क्योंकि मैं 'अनन्या' के मौके पर अपनी फिल्म डेब्यू करने जा रही थी। पहली फिल्म इतनी बड़ी है, इससे ज्यादा खुशी की कोई बात नहीं हो सकती। इस रोल के लिए मुझे शारीरिक और मानसिक हर चीज पर काम करना पड़ा। इसमें बहुत मेहनत लगी। बेशक, मुझे बहुतों का समर्थन प्राप्त था। मेरे लिए भी अनन्या का सफर काफी चुनौतीपूर्ण रहा। इस फिल्म से मैंने जो कुछ सीखा, उनमें से एक अनन्या यह है कि जो हमारे पास नहीं है उस पर रोने के बजाय हमें जो कुछ है उसमें खुशी के साथ जीवन का पीछा करना चाहिए और छोटी चीजों में खुशी ढूंढनी चाहिए। जीवन में यह मिल जाए तो आपका जीवन सुखमय हो जाएगा। एवरेस्ट एंटरटेनमेंट के संजय छाबड़िया कहते हैं, मराठी कंटेंट हमेशा सार्थक होता है। यह कई अलग-अलग विषयों से संबंधित है। इसलिए, मैं ईमानदारी से सोचता हूं कि ऐसी फिल्में पूरी दुनिया में पहुंचनी चाहिए। 'अनन्या'... असल में, यह विषय बहुत अलग है। कहानी बहुत ही प्रेरक है और यह विषय हर नुक्कड़ तक पहुंचना चाहिए, इसलिए मैं 'अनन्या' का हिस्सा बनी। लंबे समय के बाद एवरेस्ट इस तरह की फिल्म लेकर दर्शकों के सामने आ रहा है। निर्माता रवि जाधव कहते हैं, जब मैंने यह नाटक देखा तो मैं चाहता था कि यह एक फिल्म बने, और अब यह फिल्म बन गयी है। मैं इस फिल्म का हिस्सा बनकर खुश हूं।




## आरटीआई कानून का दुरुपयोग कर रंगदारी वसूलने के आरोप में 23 गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र पुलिस ने सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून का दुरुपयोग कर सरकारी अधिकारियों और निजी लोगों से कथित तौर पर वसूली करने के आरोप में पिछले छह महीनों में नांदेड़ और उसके आस-पास के जिलों से 23 लोगों को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। नांदेड़ रेंज के विशेष पुलिस महानिरीक्षक निसार तंबोली ने बताया कि पिछले छह महीने में नांदेड़, हिंगोली, परभणी और अन्य क्षेत्रों के विभिन्न पुलिस थानों में 23 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। उन्होंने कहा कि इन मामलों में अब तक कम से कम 23 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है और आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां होने की संभावना है। तंबोली के मुताबिक, हमने शिकायतें मिलने के बाद उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है, जो खुद के आरटीआई कार्यकर्ता होने का दावा करते हैं। ये लोग राज्य सचिवालय 'मंत्रालय' (मुंबई में) सहित विभिन्न स्थानों पर सरकारी अधिकारियों के साथ-साथ निजी व्यक्तियों के खिलाफ आरटीआई दाखिल करते थे और उनसे पैसे की मांग करते थे। तंबोली के अनुसार, जांच के दौरान यह पता चला कि 10 से 15 पीड़ितों ने इनमें से कुछ आरोपियों के खिलाफ पुलिस से संपर्क किया था। उन्होंने बताया कि नांदेड़ के देगलुर पुलिस थाने में 10 पीड़ितों ने दो लोगों के खिलाफ शिकायत की थी, जिसके आधार पर दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। तंबोली के मुताबिक, विभिन्न आरोपियों के घरों की तलाशी के बाद पुलिस को 100 से ज्यादा फर्जी आरटीआई दस्तावेज मिले। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से कुछ के पास पुलिस सुरक्षा और कुछ के पास शस्त्र लाइसेंस थे।

## आर्यन खान ने अदालत से अपना पासपोर्ट वापस करने का आग्रह किया

**मुंबई।** पिछले साल के क्रूज ड्रग मामले में स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) से क्लीन चिट पाने वाले बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन ने एक विशेष एनडीपीएस अदालत के समक्ष याचिका दायर कर अपना पासपोर्ट वापस किए जाने का आग्रह किया। अदालत ने एनसीबी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया और मामले की सुनवाई के लिए 13 जुलाई की तारीख तय की। आर्यन खान को एनसीबी ने पिछले साल अक्टूबर की शुरूआत में हाई-प्रोफाइल ड्रग्स मामले में गिरफ्तार किया था, लेकिन जांच एजेंसी ने मई में दायर आरोपपत्र में उनका नाम आरोपी के रूप में नहीं लिया। एनसीबी ने 'पर्याप्त सबूतों के अभाव' के कारण आर्यन खान और पांच अन्य को छोड़ दिया था।

## मालेगांव विस्फोट मामला: आरोपी की जमानत निरस्त करने की अर्जी खारिज


**मुंबई।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक विशेष अदालत ने बृहस्पतिवार को एक याचिका खारिज कर दी जिसमें 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले के आरोपी सुधाकर द्विवेदी को दी गयी जमानत कथित तौर पर जमानत शर्तों का उल्लंघन करने को लेकर निरस्त करने का अनुरोध किया गया था। द्विवेदी को 2017 में जमानत मिली थी और जमानत की एक शर्त थी कि आरोपी अदालत की मंजूरी के बिना देश नहीं छोड़ सकता। मामले में एक पीड़ित के पिता और हस्तक्षेप करने वाले निसार अहमद बिलाल ने द्विवेदी को दी गयी जमानत निरस्त करने का अनुरोध करते हुए दावा किया कि आरोपी ने अदालत की अनुमति लिये बिना नेपाल की यात्रा करके कथित रूप से जमानत की शर्तों को तोड़ा है। वकील शाहिद नदीम के माध्यम से दायर याचिका में बिलाल ने दावा किया कि जब उन्हें द्विवेदी के नेपाल जाने की जानकारी मिली तो उन्होंने खुद पड़ताल की और इसके लिए सबूत जुटाये। विशेष न्यायाधीश ए के लाहोटी ने याचिका खारिज कर दी लेकिन आरोपी को आगे जमानत की कोई शर्त नहीं तोड़ने का निर्देश दिया।



# महाराष्ट्र में अब होम गार्ड को भी मिलेगा 50 लाख रुपए का मेडिकल इंश्योरेंस



**मुंबई।** अभी तक पुलिस वालों को मेडिकल इंश्योरेंस मिलता था। लेकिन होम गार्ड्स के लिए यह सुविधा नहीं थी। अब होम गार्ड्स को भी 50 लाख रुपए से ऊपर का मेडिकल इंश्योरेंस मिलेगा। होम गार्ड्स के डीजी डॉक्टर भूषण उपाध्याय ने शुक्रवार को बताया, कई कैटिगरी बनाई गई हैं। यदि किसी होम गार्ड की किसी वजह से मृत्यु हो जाती है, तो उसके परिवार को 50 लाख रुपये बीमा की रकम मिलेगी। इसके अलावा, परिवार को 20 लाख रुपए अन्य मानदेय के रूप में और चार लाख रुपए बच्चों की शिक्षा के लिए अलग से मिलेंगे। किसी वजह से स्थाई रूप से विकलांग होने पर होम गार्ड को 50 लाख रुपए मेडिकल बीमे के रूप में मिलेंगे। इलाज के लिए 10 लाख रुपए का मेडिकल इंश्योरेंस होगा। उन्होंने आगे बताया कि इसके लिए महाराष्ट्र पुलिस ने एचडीएफसी बैंक से अग्रीमेंट किया है। इसमें होम गार्ड्स या सरकार को एक रुप की भी रकम प्रीमियम के रूप में बैंक में जमा नहीं करानी होगी। बैंक में होम गार्ड का खाता होना काफी होगा। पुलिस की तरह स्थायी नौकरी न होने के कारण होम गार्ड्स को अभी तक ये सुविधाएं नहीं मिलती थीं।




दैनिक मुंबई हलचल

जरूरी सूचना

पाठकों, शुभचिंतकों व विज्ञापनदाताओं को सुचित किया जाता है कि अगर किसी को कोई समस्या हो तो वह नीचे दिये गये दै. मुंबई हलचल कार्यालय नंबर पर संपर्क करें. साथ ही आप अपने क्षेत्र के समस्याओं की समाचार व वीडियों हमें भेज सकते हैं.

धन्यवाद... संपादक

9821238815

# शिक्षा मंत्री डॉक्टर बी॰डी॰ कल्ला साहब का धन्यवाद: एन डी कादरी



**संवाददाता/सैय्यद अलताफ हुसैन**

**बीकानेर।** मुस्लिम महासभा के राष्ट्रीय सचिव एन डी कादरी ने बताया की बीकानेर अल्पभाषायी वर्ग के लिये खुशखबरी ले कर आया। शिक्षा मंत्री डॉक्टर बी॰डी॰ कल्ला जी ने बीकानेर कि जनता को सौगात देते हुवे बीकानेर राजकीय एम॰एस॰ कन्या महाविद्यालय में वर्षों से बीकानेर के अल्पसंख्यक भाषायी छात्रों की माँग उर्दू भाषा को स्थाई तौर पर खुलवाने की माँग को पूरा किया जिसके लिए काफी लंबे समय से मुस्लिम महासभा, उर्दू बचाओ संघर्ष समिति की मांग थी जो पुरी है जिसके लिए बहुत बहुत आभार व्यक्त किया। अब नए सत्र में उर्दु कि नियमित कक्षाएं लगेंगी। मुस्लिम महासभा के राष्ट्रीय सचिव एन डी कादरी, प्रदेश महासचिव अब्दुल रहमान, एडवोकेट मोहम्मद असलम, एडवोकेट, इकरामुद्दीन लोहार, एडवोकेट शमशाद अली कादरी लोदरा सहित बीकानेर उर्दू संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष मंसूर अली, संघर्ष समिति के शहजाद अहमद, मो जफ़्फ़र, मकसूद सुलेमानी, साजिद अहमद, मो जुबैर, शहनाज बानो, तसलीम बानो ने शिक्षा मंत्री डॉक्टर बी॰डी॰ कल्ला जी का आभार और खैरमकदम पेश करते है।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए मलेरिया महा समापन 2022 के लिए वरिष्ठ समाजसेवी शेख फैयाज को दिया अवार्ड



**संवाददाता/सैय्यद अलताफ हुसैन**

**भोपाल।** जिला स्वास्थ्य समिति (VBDCP) भोपाल द्वारा उत्कृष्ट कार्य के लिए वरिष्ठ समाजसेवी शेख फैयाज अध्यक्ष कायनात ह्यूमन डेवलपमेंट सोसायटी को मलेरिया महा समापन समारोह के अवसर पर अवार्ड जिला मलेरिया कार्यालय में मलेरिया माह जून के समापन संयुक्त संचालक महोदय स्वास्थ्य माननीय श्रीमती डॉक्टर नीरज चौधरी की अध्यक्षता में किया गया क्षेत्रीय संचालक कार्यालय से किटविज्ञानि माननीय डॉ मनमोहन महुलिया जिला मलेरिया अधिकारी माननीय अखिलेश दुबे सर लेखपाल श्री विवेक रैकवार श्रीमती उर्मिला सिंह श्री जितेंद्र खरे एवं सभी जोन प्रभारियों उपस्थित रहे कायनात ह्यूमन डेवलपमेंट सोसाइटी के अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी शेख फैयाज ने बताया कि बहुत ही खुशी की बात है जो अवार्ड दिया गया है उसमें हमारे सभी संस्था के पद अधिकारी सदस्य डॉक्टर्स सभी की मेहनत का कार्य और यह जो अवार्ड मिला है उसमें सभी लोग इसके हकदार है संस्था हमेशा आगे भी इसी प्रकार के कार्य करेंगे ताकि हमारे देश से डेंगू मलेरिया का अंत हो जाए सभी लोगों का बहुत-बहुत धन्यवाद।

# लाईफ सेवर नदीम बक्ष का किया सम्मान

**संवाददाता/सैय्यद अलताफ हुसैन**

**जोधपुर।** वाय एस एस बल्ड ग्रुप जोधपुर के अध्यक्ष नदीम बक्ष जोधपुर मे लाईफ सेवर होने पर सम्मान किया गया नदीम बक्ष ने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाते हुए 67 वार से ज्यादा अपना रक्तदान किया व पिछले कई सालो से जोघपुर के हास्पिटलो मे रक्त उपलब्ध करवा कर कई हजारो मरीजो की जान बचाने मे मदद करके अपनी अहम भुमिका निभाने को चलते नदीम बक्ष को लाईफ सेवर एस एस राजा फाउणडेशन के जानिब से सम्मान किया गया जिसमे कई दिग्गज समाज सेवको को द्वारा सम्मान किया गया।



# कानपुर आउटर में शांति व्यवस्था बरकरार रखने में सफल एसपी की पैदल गश्त

**संवाददाता/सुनील बाजपेई / कानपुर।** यहां बीती तीन जून को हुई साम्प्रदायिक हिंसा के बाद पुलिस माहौल खराब करने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में यहां आउटर जिले की पुलिस भी हर तरह के अपराधी अराजक तत्वों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई जारी रखने के साथ ही भय मुक्त वातावरण, शांति और सांप्रदायिक सद्भाव के इरादे से एसपी तेज स्वरूप सिंह की अगवाई में लगातार गश्त भी कर रही है।

# कानपुर में बुजुर्ग दंपति की हत्या से सनसनी: वजह अज्ञात

**संवाददाता/सुनील बाजपेई**

**कानपुर।** आज यहां मंगलवार को बर्रा थाना क्षेत्र में बुजुर्ग दंपति के हत्या किए हुए शव बरामद किए गए, जिसकी जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई । वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ मिलकर घटना की छानबीन शुरू की है। लेकिन समाचार लिखे जाने तक घटना की वजह पता नहीं चल पाई है। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से महाराजपुर थाना क्षेत्र के प्रेमपुर में रहने वाले गणपति से रिटायर्ड 62 साल के मुन्ना लाल बर्रा थाना क्षेत्र में रहते थे। परिजनों ने बताया की इसके पहले वह अपनी पत्नी रामदेव जी के साथ गुजैनी में रहते थे। इस घटना की जानकारी बीती रात लगभग 2:30 बजे परिवार वालों को तब हुई जब बेटी माला ने दोनों की लाखों को रक्त रंजीत पड़े हुए देखा। मौके पर पहुंची पुलिस को दी गई जानकारी के मुताबिक रात तीन अज्ञात लोग घर में जबरन घुस आए। और वही अज्ञात बदमाश धारदार हथियार से हत्या करने के बाद फरार हो गए। इस बारे में मृतक के बेटे से भी पुलिस ने पूछताछ की है लेकिन समाचार लिखे जाने तक घटना की वजह घटना की वजह पता नहीं चल पाई है। वही पुलिस का कहना है की हत्यारों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उनकी तलाश लगातार की जा रही है।

# राजस्थान के दौसा में हुए सड़क हादसे में कानपुर के चार लोगों की मौत

**संवाददाता/सुनील बाजपेई**

**कानपुर।** लगातार होने वाली सड़क दुर्घटनायें लोगों की असमय जान लेने से नहीं चूक रही हैं। ऐसी ही एक घटना में राजस्थान के दौसा जिले में हुए सड़क हादसे में कानपुर के चार लोगों की मौत हो गई। यह सभी लोग खाटू श्याम जी के दर्शन करने के लिए जा रहे थे। मिली जानकारी के मुताबिक सड़क हादसे में मौत का शिकार होने वाले सानू सोनी, आकाश सोनी, नीरज सोनी और करमेन्द्र सोनी उत्तर प्रदेश में कानपुर के संजय गांधी नगर के रहने वाले थे और घटना के समय खाटू श्याम जी के दर्शन करने के लिए गए हुए थे। इस घटना से उनके परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# कुर्बानी अल्लाह का हुक्म है शक की कोई गुंजाइश नही, वाजिब है उस पर जिस में यह शर्तें पाई जाती हो: मुफ्ती सद्दाम हुसैन कासमी

**संवाददाता/सैय्यद अलताफ हुसैन**

**बीकानेर।** हर साहिबे निसाब पर एक कुर्बानी वाजिब है इसलिए पूरे घर की तरफ से एक कुबार्नी को काफी न समझे! कुर्बानी दर हकीकत अपने मालिक के हुक्म की तामील करना है वो जब जैसा हुक्म दे बगैर किसी शक के उसको पूरा करने का नाम है हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम ने ख्वाब मे देखा कि अपने लख्ते जिगर को कुर्बान कर रहे है बेटे के सामने बात रखने पर बेटे ने खुद जल्द अज जल्द उसे पूरा करने की गुजारिश की। जान दी दी हुई उसी की थी। हक तो यूं है कि हक अदा न हुआ (गालिब) कुर्बानी हकीकी (लुगवी) माअना मे तकर्रूब मअ अल्लाह के है मतलब अल्लाह से करीबी हासिल करना जाहिर है इंसान उसी वक्त अल्लाह का करीबी हो सकता है जब वो अपने मालिक की फरमांबरदारी करे और वो चीज उसकी राह मे कुर्बान करें जो उसकी पसंदीदा हो कुर्बानी के जानवरो को बड़े शौक से पाला जाता है ईद कुर्बानी के रोज उसे अल्लाह की राह मे कुर्बान कर दिया जाता है देखने मे लगता है कि एक बेजुबान को बगैर किसी जुर्म के कुर्बान कर दिया गया मगर यह ऐसे राज है जो आंखे बंद होने के बाद देखे जाते है। दुनिया जानती है कि किसी बड़े का तकर्रूब (निकटता) हासिल करना हो तो उसे अपनी कीमती चीजो को कुर्बान करना होता है वक्त की अहमियत किसी के नजदीक कम नही मगर देखा जाता है तकर्रूब के लिए उसे भी कुर्बान किया जाता है। माल भी किसी की नजर मे कम अहमियत नही रखता हां मगर उसे भी किसी चीज को हासिल करने के लिए कुर्बान किया जाता है।दोनो की अहमियत कहीं भी कम नही बावजूद इसके इनको भी कुर्बान किया जाता है और



इनके अलावा भी कई चीजे मिलेगी जिनको अपने मफाद के लिए भी कुर्बान कर दिया जाता है। कुर्बानी के लिए अल्लाह ने हर किसी जानवर को तय नही किया बल्कि सिर्फ आठ जोड़ो के जानवर भेड-दुंबा, बकरा-बकरी, ऊंट-ऊंटनी, गाय-भैंस को तय किया गया है हां हुकूमत जिस जानवर पर पांबदी आइद करदें वहां उस जानवर के अलावा की कुबार्नी की जाए। कुर्बानी करते वक्त भी शरीअत ने बेमुहार नही छोड़ा है बल्कि उसके लिए उसूल व जाब्ते बताएं है पहले 10 जिल हिज्ज को दो रकअत नमाज पढ़ी जाए, दुआ की जाए उसके बाद जानवर के नफ्स का ख्याल रखा जाए उसे कुबार्नी से पहले उसके खाने पीने का इंतिजाम़ किया जाए, मजबह (जिब्ह की जगह) मे लाए जाने से पहले छुरी सामने न लाई जाए, किब्ला रूख लिटाया जाए, तकबीर पढ़ी जाए फिर गर्दन पर छुरी चलाई जाए और गर्दन को एकदम अलग न किया जाए बल्कि चार रगो (नसों) तक छुरी चलाई जाए जिससे खून जानवर से बह जाए फिर जब खून बह चुके तो अब दोबारा हाथ लगाया जाए यह सारी चीजे जानवर के नफ्स का ख्याल करते हुए शरीअत ने लागू की है! शरीअत में रिश्तेदारो, नादारों की बड़ी अहमियत है इन्हे हर मोड़ पर साथ रखा है कुर्बानी के दिनो मे भी हुक्म दिया जब कुर्बानी हो जाए तो इसके गोश्त के तीन हिस्से किए जाए और रिश्तेदारो, नादारो को एक-एक हिस्सा दिया जाए और सिर्फ एक हिस्सा अपने इस्तेमाल मे लाया जाए! इन उसूलो को मद्दे नजर रखते हुए अल्लाह के हुक्म को मानते हुए कुर्बानी की जाए तो हमें कुर्बानी सही माअना मे समझ आएगी।

1- अहले इस्लाम (कलमा ए तोहीद का दिल व जुबान से इकरार करता हो!
2- अक्लमंद ( बेअक्ल न हो)
3-बालिग ( शरीअत मे बालिग होने का आगाज 12-18 साल की उम्र को माना है)
4-मुकीम (कुर्बानी के दिनो में अपने घर पर हो सफर मे न हो)
5- साहिबे निसाब( 52.5तोला चांदी,7.5 तौला सोना या इनमे से किसी के बराबर रकम या सामाने तिजारत जिसकी मिलकियत इसके बराबर हो।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# रोज खाएं 1 खुबानी, होगी कई बीमारियां दूर



खुबानी आमतौर पर गर्मी के दिनों में देखने को मिलती है। कुछ लोग इसे टेस्ट लेने के लिए खाते है तो कुछ इसका फायदा लेने के लिए इसका सेवन करते है। खुबानी में बहुत से औषधीय गुण शामिल होते है जो त्वचा और सेहत दोनों के लिए फायदेमंद होते है लेकिन आज हम आपको खुबानी के कुछ सेहत से जुड़ें फायदों के बारे में बताएंगे, जो आपको कई तरह के बीमारियों से दूर रखेंगे।

**लिवर की बीमारी**
गलत खान-पान का अगर सीधे हमारे लिवर पर पड़ता है जिस वहज से लिवर से जुड़ी कई प्रकार की बीमारी होने का खतरा बना रहता है। खुबानी लिवर को अंदर से साफ करके कई तरह की बीमारियों से बचाएं रखती है।

**आंखों की रोशनी**
खुबानी में विटामिन ए भरपूर मात्रा में होता है, जो आंखों के लिए बहुत जरूरी है। रोज 1 कप खुबानी खाकर शरीर में 60 प्रतिशत विटामिन ए की कमी को पूरा किया जा सकता है।

**सूजन में राहत**
खुबानी में कई सारे फ्लावोनोईड मौजूद होते है, जो एंटी-इंनफ्लमेटरी का काम करते है। अगर शरीर के किसी भी हिस्से में सूजन हुई हो तो खुबानी खाने से काफी राहत मिलती है।


**दुरूस्त पाचन**
1 छोटी सी खुबानी में 3 प्रतिशत फाइबर होता है जो पाचन क्रिया को दुरुस्त रखते है। इसी के साथ पेट संबंधी कई प्रकार की परेशानियों को मिनटों में दूर कर देते है।

**कोलेस्ट्रॉल**
खुबानी में कई ऐसे एंटी-ऑक्स00डेंट्स होते हैं जो दिल की बीमारियों का नियत्रित रखते है। इसका सेवन करने से कोलेस्ट्रॉल भी कंट्रोल में रहता है।

# मंदिर जाने से भी मिलते हैं हैल्थ से जुड़े 6 फायदे, जानिए कैसे

मंदिर जाना धार्मिक होने के साथ-साथ अच्छी सेहत की भी निशानी है। आप शायद यह नहीं जानते होंगे कि मंदिर में घंटी बजाने, माथा टेकने, प्रार्थना करने से भगवान का आशिर्वाद मिलता है। इसके साथ ही बहुत से प्रैशर प्वांइट एक्टिव हो जाते हैं, जिससे कई तरह की सेहत से जुड़ी परेशानियों से भी राहत मिलती है।

**बी पी कंट्रोल**
मंदिर में नंगे पांव चलने से पैरों के प्रैशर प्वांइट पर दवाब पड़ता है। जिससे बी पी कंट्रोल रहता है और बॉडी को पॉजीटीव एनर्जी मिलती है।



**एकाग्रता बढ़ाएं**
माथे पर तिलक लगाने से भौहों के बीच दवाब पड़ता है। जिससे एकाग्रता बढ़ती है और मन शांत रहता है।

**भरपूर एनर्जी**
मंदिर की घंटी बजाने से इसकी आवाज कानों में गूजती है। जिससे एनर्जी लैवल बढ़ता है और बॉडी के प्वांइट भी एक्टिव हो जाते हैं।

**इम्यूनिटी में सुधार**
मंदिर में जब दोनों हाथ जोड़कर प्रणाम करते हैं तो इससे हाथों के प्वाइंट पर दवाब पड़ता है। जिससे बॉडी के कई फक्शन एक्टिव हो जाते हैं और प्रतिरोधक क्षमता बेहतर हो जाती है।

**वायरल इंफैक्शन का खतरा कम**
मंदिर में धूप,हवन सामग्री का धुआ और दीपक जलते हैं। जो बैक्टिरिया को मुक्त करने का भी काम करते हैं। इससे किसी भी तरह की वायरल इंफैक्शन का खतरा कम हो जाता है।

डिप्रैशन दूर
रोजाना मंदिर जाकर भजन,आरती करने से दिमाग परेशानी से मुक्त हो जाता है। तालिया बजाने से शरीर को ऊर्जा मिलती है और दिमाग भी फ्रैश हो जाता है। डिप्रैशन दूर करने में यह बेहद मददगार है।

# संभल कर खाएं,धीमा जहर है ये चीजें



जैसे लोगों का रहन-सहन बदलता जा रहा है वैसे ही उनकी अपनी सेहत के प्रति रूची कम होती जा रहीं। आज हर क्ति हैल्दी खाने से ज्यादा मुंह का स्वाद देखता है जिसके चलते कोई न कोई बीमारी उनके घेरे रहती है। एक रिसर्च में सामने आया कि हम लोग रोजमर्रा जिंदगी में कुछ ऐसे फूड्स का सेवन करते है हमारे शरीर के लिए धीमा जहर है। इन चीजों की अधिक मात्रा हमे कई बीमारियों से ग्रस्त कर सकती है। इसलिए बेहतर होगा कि इन चीजों की पहचान करके अपनी डाइट में इनका कम से कम सेवन किया जाएं।

**1. चीनी**
खाने में ज्यादा चीनी की मात्रा लेने से लिवर में ग्लाइकोजन की मात्रा कम हो जाती है। इसके अलावा चीनी अधिक खाने से मोटापा बढ़ता है और थकान, माइग्रेन अस्थमा जैसी प्रॉब्लम हो सकती है।

**2. नमक**
नमक में सोडियम की मात्रा काफी अधिक होती है। एक रिसर्च के अनुसार ज्यादा मात्रा में नमक खाने से पेट का कैंसर हो सकता है। इसके अलावा भी कई गंभीर बीमारी जैसे हाई बीपी और हार्ट प्रॉब्लम हो सकती है।

**3. मैदा**
मैदा में फाइबर की मात्रा न के बराबर होती है। मैदा से बनी चीजों का सेवन करने से इनडाइजेशन जैसी प्रॉब्लम देखने को मिलती है। मैदे में ब्लीचिंग की मात्रा होती है जो हार्ट प्रॉब्लम का खतरा बना रहता है।

**4. कोल्ड ड्रिंक**
इसमें शक्कर और फास्फोरिक एसिड होता है। ज्यादा मात्रा में कोल्ड ड्रिंक पीने से हार्ट प्रॉब्लम हो सकती है। इसी के साथ याद्दाश्त कमजोर हो जाती है।

**5. फास्ट फूड**
इसमें मोनोसोडियम ग्लूटामेट अधिक होता है, जिससे मोटापा तेजी बढ़ता है और हार्ट प्रॉब्लम और अल्जामर जैसी समस्याएं खड़ी हो जाती है।

**6. अंकूरित आलू**
अंकूरित आलू खाने से डायरिया, सिर दर्द और माइग्रेन जैसी समस्याएम हो सकती है।

# दिन में 1 बार जरूर खाएं ये चीजें



स्वस्थ्य शरीर ही जिंदगी की असली पूंजी है। आजकल भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग पैसा तो कमी रहे हैं लेकिन सेहत का ध्यान रखने के लिए किसी के पास समय ही नहीं है। सारे दिन में अपने लिए कुछ समय निकाल कर आप हमेशा के लिए स्वस्थ रह सकते हैं। खान-पान के साथ-साथ थोड़ा सा वर्कआउट, योगा या फिर सैर भी जरूर करें। जिससे आपका खाना-पीया आसानी से पच भी जाएगा और उसके पौष्टिक तत्व शरीर को भरपूर मात्रा में मिलते भी रहेंगे। इसके साथ ही आप रोजाना अपने आहार में कुछ जरूरी चीजें शामिल जरूर करें, जिससे आपको बहुत फायदा मिलेगा।

**1. लहसून**
लहसून के एंटी बैक्टीरियल गुण हर तरह के संक्रमण को रोकने में मददगार है। खाने में इसका इस्तेमाल करने से फ्लेवर भी बढ़िया हो जाता है। सुबह खाली पेट लहसून का एक कली पानी के साथ खाने से बहुत सी बीमारियों से बचाव रहता है। ब्लड सर्कुलेशन बेहतर, प्रतिरोधक क्षमता मजबूत, दर्द जैसी और भी बहुत से परेशानियां इससे दूर हो जाती हैं।

**2. हरी इलायची**
रोजाना सिर्फ एक इलायची खाने से भी आप तंदुरूस्त रह सकते हैं। इसकी खुशबू फ्रैशनेस का अहसास दिलाती है। इसके एंटी बैक्टीरियल गुण रैड ब्लड सैस बढ़ाने, पाचन क्रिया मजबूत, पेट की गैस से राहत, सीने की जलन दूर करने के अलावा और भी कई तरह के फायदे पहुंचाती है।

**3. अंजीर**
अंजीर का फल सूखाकरव भी खाया जाता है। आयरन, कैल्शियम, प्रोटीन, फाइबर जैसे और भी बहुत से जरूरी पोषक तत्व इसमें शामिल होते हैं। यह खून की कमी दूर, एसीडिटी से राहत, कब्ज से छुटकारा दिलाने में मददगार है। इसके एंटीऑक्सीडेंट गुण शरीर के लिए बहुत फायदेमंद है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# श्रुति हासन ने पीसीओएस से पीड़ित होने का खुलासा किया

**साउथ** और हिन्दी फिल्म इंडस्ट्री की पॉप्युलर ऐक्ट्रेस श्रुति हासन इन दिनों अपनी एक बीमारी को लेकर काफी परेशान चल रही हैं। श्रुति ने बताया है कि वह शरीर के वजन की प्रॉब्लम से क्यों जूझ रही हैं। दरअसल श्रुति फिलहाल 'पॉलिसिस्टिक ओवेरी सिंड्रोम' (पीसीओएस) और 'एंडोमीट्रियोसिस' की बीमारी से जूझ रही हैं, जो हॉर्मोनल डिसऑर्डर से जुड़ी है। श्रुति ने बताया है कि वह किस तरह से अपनी इस बीमारी से लड़ने में लगी हैं। श्रुति ने नाक की सर्जरी और लिप फिलर्स को लेकर भी बातें की हैं। छत्तीस वर्षीय अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक जिम में कसरत करने की वीडियो साझा की और अपनी 'सबसे खराब हार्मोनल दिक्कतों' के बारे में बात की। श्रुति ने कहा कि यह एक 'मुश्किल' लड़ाई है और उन्होंने यह स्वीकार कर लिया है कि ऐसी दिक्कतें 'स्वाभाविक' हैं। उन्होंने कहा, 'मेरे साथ वर्कआउट करो। मैं अपने पीसीओएस और एंडोमीट्रियोसिस के साथ सबसे खराब हार्मोनल दिक्कतों का सामना कर रही हूं।' अभिनेत्री ने कहा, महिलाओं को पता है कि यह असंतुलन, सूजन और चयापचय संबंधी चुनौतियों के साथ एक कठिन लड़ाई है, लेकिन इसे एक लड़ाई के तौर पर देखने के बजाय मैंने इसे प्राकृतिक आंदोलन के तौर पर स्वीकार करना चुना है। स्वस्थ आहार लेकर, अच्छी तरह नींद पूरी कर और अपने वर्कआउट का आनंद उठाते हुए मैं इससे निपट रही हूं।

# पापा बनने से पहले रणबीर ने जाहिर की ऐसी ख्वाहिश



**आलिया भट्ट** की प्रेगनेंसी की न्यूज ने तो इंटरनेट पर तलहका मचा रखा हैं। लगातार होने वाली मम्मी को बधाइयां मिल रही हैं। वही प्रेगनेंसी को लेकर आलिया तो सुर्खियों में बनी ही हुई हैं। लेकिन इसी बीच पापा बन रहे रणबीर कपूर भी कम एक्ससिटेड नहीं दिख रहे हैं। दरअसल जब आलिया ने अपनी प्रेगनेंसी की न्यूज शेयर की थी तब उस वक़्त हॉस्पिटल में रणबीर भी वह मौजूद थे। वही पापा बनने की खबर को लेकर रणबीर का अब एक वीडियो तेजी से वायरल हो। जिसमे रणबीर अपने बच्चे को लेकर कुछ ख्वाहिशें जाहिर की हैं। दरअसल हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान रणबीर ने बताया कि वह अपने बच्चे को सॉकर गेम के लिए जरूर प्रेरित करेंगे, क्योंकि यह गेम उनके दिल के सबसे करीब रहा है। रणबीर ने कहा, मुझे अच्छा लगता है जब मैं छोटे लड़कों या लड़की को खेलते हुए देखता हूं। मैं अपने बच्चों को भी स्पोर्ट्स को लेकर प्रेरित करूंगा, खासकर की सॉकर. सॉकर गेम से मैं काफी जुड़ा हूं। इसने ही मुझे अपनी लाइफ में सबसे पहले पहचान दिलाई थी। मैं बाकी सब चीजों में औसत से भी कम था। पढ़ाई, ड्रामा, सब चीजों में, लेकिन फुटबॉल में मैं डीसेंट था तो इससे मुझे पहचान मिली। जैसा कि सभी जानते हैं, रणबीर कपूर को बच्चों से खासा लगाव रहा है।

# प्रियंका-निक जोनस की बेटी पर बरसा परिणीति का प्यार





**इंटरनैशनल** स्टार प्रियंका चोपड़ा और उनके पति निक जोनस इसी साल जनवरी में अपनी बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस के पैरंट्स बने हैं। मालती की जन्म सोरोगेसी के जरिए हुआ था। हालांकि पैदा होने के बाद लगभग 100 दिनों तक मालती को हॉस्पिटल में डॉक्टर की निगरानी में रहना पड़ा था। मई के महीने में प्रियंका अपनी बेटी को घर लाईं और उनकी कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। हाल में प्रियंका की कजिन परिणीति चोपड़ा ने अपनी भांजी के बारे में बात की है। परिणीति चोपड़ा ने अपनी भांजी मालती की खूब तारीफ की है। हाल में सामने आए एक वीडियो में परिणीति को अपनी भांजी मालती के लिए खुशी से झूमता हुए देखा जा सकता है। इंटरव्यू में परिणीति से उनकी कजन प्रियंका की बेटी के बारे में पूछा गया कि क्या वह मालती से मिली हैं। इसके जवाब में परिणीति ने मालती को दुनिया का सबसे खूबसूरत बच्चा बता दिया। परिणीति ने कहा, ओह माय गॉड, सही में वह दुनिया की सबसे सुंदर बच्ची है। वे (प्रियंका और निक) अपनी जिंदगी संग जी रहे हैं। शुरू में मालती को थोड़ी परेशानियां हुईं लेकिन अब वह बिल्कुल स्वस्थ है। वह बेहद खूबसूरत बच्ची है। मैं उसके बारे में बहुत ज्यादा बात नहीं करना चाहती हूं क्योंकि वह मेरी प्यारी सी छोटी बच्ची है।